2014

HINDI

(Elective)

Paper : 5·1

(Hindi Sahitya Ka Itihas)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' नामक ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?

(ख) कौन नाथ साहित्य के आरंभकर्ता माने जाते हैं?

(ग) सिद्ध सरहपा द्वारा रचित प्रसिद्ध कृति का नाम बताइए।

(घ) महात्मा कबीरदास का देहावसान कहाँ हुआ था?

(ङ) गोस्वामी तुलसीदास के बचपन का नाम क्या था?

(च) आचार्य केशवदास-विरचित रामकाव्य कौन-सा है?

(छ) कविवर बिहारी का देहावसान कब हुआ था?

(ज) कवि हरिश्चन्द्र को 'भारतेन्दु' की उपाधि कब मिली थी?

(झ) 'गोदान' उपन्यास का प्रकाशन-काल क्या है?

(ञ) कविवर सुमित्रानन्दन पन्त को किस कृति के लिए 1968 ई० का ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) अमीर खुसरो कौन थे? उनकी रचनाओं के बारे में बताइए।

(ख) 'पदावली' से भिन्न विद्यापति की किन्हीं दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) पुष्टिमार्गीय भक्ति की मूल विशेषता क्या है?

(घ) भूषण मूलतः किस रस के कवि थे? उनकी काव्य-रचनाओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल के सन्दर्भ में 'आधुनिक' शब्द का तात्पर्य क्या है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) आदिकालीन जैन साहित्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ख) कवयित्री मीराँबाई की कृष्ण-भक्ति पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(ग) 'रामचरितमानस' पर टिप्पणी लिखिए।

(घ) रीतिकाव्य के शास्त्रीय आधार पर प्रकाश डालिए।

(ङ) आधुनिक काल की प्रारंभिक सीमा पर विचार कीजिए।

(च) हिन्दी नाटक को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की देन का उल्लेख कीजिए।

(छ) प्रयोगवादी काव्यधारा की मूलभूत विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

4. आदिकाल के नामकरण की समस्या पर सम्यक् विचार कीजिए। 10

अथवा

आदिकालीन साहित्यिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए।

5. भक्ति-आन्दोलन के उद्‌भव के कारणों का खुलासा कीजिए। 10

अथवा

प्रेममार्गी काव्यधारा में कविवर जायसी का स्थान निर्धारित कीजिए।

6. रीतिकाल की विविध परिस्थितियों पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए। 10

अथवा

रीतिकालीन स्वच्छन्दतावादी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

7. 'हिन्दी कहानी को मुंशी प्रेमचन्द की देन' विषय पर एक लेख लिखिए। 10

अथवा

राष्ट्रीय-सांस्कृतिक धारा के कवि के रूप में मैथिलीशरण गुप्त और रामधारी सिंह 'दिनकर' का परिचय दीजिए।

★★★